# पर्यावरण संबंधी न्यायिक स्क्रीनिंग फ़ॉर्म (Environmental Justice Screening Form)

| | |
|---|---|
| परियोजना का नाम | Central Street पर Edgell Road के चौराहे का सुधार |
| MEPA दाख़िल करने की अनुमानित तारीख़ | 30 नवंबर, 2022 |
| प्रस्तावक का नाम | सिटी ऑफ़ फ़्रामिंघम (City of Framingham) के साथ मिलकर मैसाचुसेट्स डिपार्टमेंट ऑफ़ ट्रांसपोर्टेशन (MassDOT), हाईवे डिवीज़न (Massachusetts Department of Transportation (MassDOT), Highway Division) |
| संपर्क की जानकारी (उदाहरण के लिए, सलाहकार) | Tracie Lenhardt<br>VHB<br>101 Walnut Street<br>Watertown MA 02472-4026<br>TLenhardt@VHB.com<br>617-607-2961 |
| परियोजना की सार्वजनिक वेबसाइट या कोई अन्य भौतिक स्थल, जहाँ परियोजना से संबंधित साजोसामान प्राप्त किया जा सकता है (यदि उपलब्ध हो तो) | लागू नहीं |
| परियोजना के लिए नगरपालिका और ज़िप कोड (यदि ज्ञात हो तो) | Framingham, MA 01701 |
| परियोजना का प्रकार* (उन सबकी सूची बनाएँ, जो लागू होते हैं) | परिवहन: सड़क मार्ग/ट्रांजिट |
| क्या परियोजना स्थल बाढ़ प्रभावित ज़मीन को लेकर बनाए गए FEMA के किसी 100 वर्षीय नक्शे के भीतर है? हाँ/नहीं/ अज्ञात | जी नहीं। |
| अनुकूलित जगहों का अनुमानित GHG उत्सर्जन (GHG आकलन उपकरण (GHG Estimation tool) के लिए **यहाँ** क्लिक करें) | यह एक चौराहा सुधार परियोजना है तथा यह कोई नई अनुकूलित जगह तैयार नहीं करेगी। |

परियोजना का विवरण

1. यदि ज्ञात हो तो परियोजना स्थल के कुल आकार तथा प्रस्तावित इमारतों और निर्माणों के वर्ग फुटेज सहित परियोजना का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करें।

   सिटी ऑफ़ फ़्रामिंघम (City of Framingham) MassDOT के साथ मिलकर Edgell Road और Central Street के चौराहे पर सड़क सुधार प्रस्तावित कर रहा है। परियोजना का दायरा Central Street पर भीड़भाड़ से जुड़ी समस्याएँ हल करके वाहनों के संचालन और सुरक्षा में सुधार लाने तथा वाहन चालकों को सामने दिखने वाली जगह की मौजूदा कमी दूर करने के इर्द-गिर्द केंद्रित है। इसमें चौराहे पर होने वाले ज्यामितीय सुधार और वहीं एक ट्रैफ़िक सिग्नल की स्थापना करना शामिल है। यह परियोजना एक विशेष पैदल यात्री फेज़ उपलब्ध करवाकर पैदल यात्रियों की गतिशीलता और सुरक्षा भी बढ़ाएगी, साथ ही साथ अमेरिकी विकलांग अधिनियम/वास्तुकला अभिगम मंडल (Americans with Disabilities Act/Architectural Access Board, ADA/AAB) के अनुरूप फुटपाथों के जरिए लोगों के लिए अभिगम्यता बढ़ाएगी। परियोजना का कुल क्षेत्र 1.86 एकड़ है।

2. अनुमानित MEPA समीक्षा की सीमा रेखाओं (301 CMR 11.03) की सूची बनाएँ (यदि ज्ञात हो तो)

   11.03(1)(b)3 – राष्ट्रमंडल के संविधान के अनुच्छेद 97 (Constitution of the Commonwealth Article 97) में हुए संशोधनों के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े प्रयोजनों के लिए रखी गई भूमि का रूपांतरण अनुच्छेद 97 के अनुसार न करके किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए रूपांतरण करना।

3. परियोजना के लिए आवश्यक सभी अपेक्षित राज्य, स्थानीय और संघीय अनुज्ञा-पत्रों की सूची बनाएँ (यदि ज्ञात हो तो)

- मैसाचुसेट्स वेटलैंड्स प्रोटेक्शन एक्ट (Massachusetts Wetlands Protection Act) - आशय की सूचना (फ्रामिंघम संरक्षण आयोग (Framingham Conservation Commission) की शर्तों का आदेश-पत्र)

4. परियोजना स्थल से 5 मील के भीतर मौजूद EJ जन समुदाय और उसकी लाक्षणिकताओं (अल्पसंख्यक, आय, अंग्रेज़ी अलगाव) की पहचान करें (वर्णन करने के बजाए EJ Maps Viewer से 5 मील के दायरे की पहचान करने वाला नक्शा संलग्न कर सकते हैं)

संलग्न चित्र का संदर्भ लें।

परियोजना से 1 मील के भीतर मौजूद EJ ब्लॉक समूहों में अल्पसंख्यक (10 ब्लॉक समूह), अल्पसंख्यक और आय (1 ब्लॉक समूह) तथा अल्पसंख्यक और अंग्रेज़ी अलगाव (1 ब्लॉक समूह) शामिल हैं। परियोजना स्थल से 1 मील के भीतर मौजूद जनगणना क्षेत्र की कम से कम 5 प्रतिशत आबादी द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल हैं:
- पुर्तगाली (Portuguese) या पुर्तगाली क्रेओल (Portuguese Creole)
- हिन्दी
- अन्य इंडिक (Indic) भाषा

परियोजना से 5 मील के भीतर मौजूद EJ ब्लॉक समूहों में अल्पसंख्यक (27 ब्लॉक समूह), अल्पसंख्यक और आय (4 ब्लॉक समूह), अल्पसंख्यक और अंग्रेज़ी अलगाव (3 ब्लॉक समूह), अल्पसंख्यक, आय और अंग्रेज़ी अलगाव (3 ब्लॉक समूह) तथा अंग्रेज़ी अलगाव (1 ब्लॉक समूह) शामिल हैं। परियोजना स्थल से 5 मील के भीतर मौजूद जनगणना क्षेत्र की कम से कम 5 प्रतिशत आबादी द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल हैं:
- पुर्तगाली (Portuguese) या पुर्तगाली क्रेओल (Portuguese Creole)
- स्पेनिश (Spanish) या स्पेनिश क्रेओल (Spanish Creole)
- हिन्दी
- अन्य इंडिक (Indic) भाषा

5. परियोजना स्थल से 1 मील के दायरे में संपूर्ण या आंशिक रूप से स्थित "अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य EJ मानदंड" की परिभाषा पर खरा उतरने वाली किसी भी नगरपालिका या जनगणना क्षेत्र की DPH EJ Tool में पहचान करें।

परियोजना से 1 मील के भीतर साँख्यिकीय गंभीरता की दृष्टि से रक्त में बढ़े हुए सीसे या कम वज़न वाली जन्म दर के कोई जनगणना क्षेत्र मौजूद नहीं हैं।

बचपन के अस्थमा और हृदयाघात को DPH EJ Tool के भीतर सामुदायिक स्तर पर पेश किया जाता है। सिटी ऑफ़ फ़्रामिंघम (City of Framingham) का अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य मानदंड नीचे दी गई तालिका में मौजूद है।

| **अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य मानदंड** | **निष्कर्ष** |
|---|---|
| प्रति 1,000 पर कम वज़न वाली जन्म दर (Low Birth Weight Rate) | फ़्रामिंघम कम वज़न वाली जन्म दर के लिए अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य EJ मानदंड पर खरा नहीं उतरता। |
| प्रति 1,000 पर रक्त में बढ़े हुए सीसे का फैलाव (Elevated Blood Lead Prevalence) | फ़्रामिंघम बचपन में रक्त में सीसे की मौजूदगी के लिए अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य EJ मानदंड पर खरा नहीं उतरता। |
| प्रति 10,000 पर बाल चिकित्सा अस्थमा आपातकालीन विभाग विज़िट दर (Pediatric Asthma ED Visits Rater) | फ़्रामिंघम बचपन के अस्थमा के लिए अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य EJ मानदंड पर खरा उतरता है। |
| प्रति 10,000 पर हृदयाघात की दर (Heart Attack Rate) | फ़्रामिंघम हृदयाघात के लिए अतिसंवेदनशील स्वास्थ्य EJ मानदंड पर खरा नहीं उतरता। |

6. संभावित अल्पकालिक व दीर्घकालिक पर्यावरण संबंधी और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावों की पहचान करें, जो EJ जन समुदाय और किसी भी अपेक्षित न्यूनीकरण को प्रभावित कर सकते हैं

निम्नलिखित वजहों से EJ जन समुदाय पर इस परियोजना का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है:

- यह पहले से मौजूद वायु, जल या मृदा प्रदूषण से संबंधित हालात नहीं बिगाड़ेगी।
- यह मौजूदा हालात के मुक़ाबले अतिरिक्त यातायात नहीं बढ़ाएगी और इसके परिणामस्वरूप कोई नए वाहन उत्सर्जन पैदा नहीं होंगे। यह यातायात के संचालन में सुधार लाएगी।
- निर्माण से जुड़ी गतिविधियाँ MassDOT के मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूप ही होंगी। ठेकेदार को निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में किसी भी उपकरण के सक्रिय रूप से शामिल न रहने वाले मैसाचुसेट्स के 5 मिनट निष्क्रियता क़ानून (Massachusetts 5-minute idle law) का पालन करना होगा। इसके अलावा, MassDOT चाहता है कि ठेकेदार सभी ऑफ़-रोड वाहनों में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण लगाएँ। MassDOT के संशोधित डीजल रेट्रोफिट विनिर्देश (MassDOT's Revised Diesel Retrofit Specification) में कहा गया है कि उत्सर्जन नियंत्रण मानकों पर खरा उतरना अनिवार्य है, या MassDOT के कार्यस्थलों पर 50 हॉर्सपॉवर से ज़्यादा वाले नॉन-रोड डीजल संचालित निर्माण उपकरण के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाना अनिवार्य है।

7. 301 CMR 11.02 में परिभाषित "पर्यावरण संबंधी लाभों" ("Environmental Benefits") सहित परियोजना के लाभों की पहचान करें, जो EJ जन समुदाय के पर्यावरण संबंधी हालात या सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं

परियोजना के लाभों में शामिल हैं:


- अमेरिकी विकलांग अधिनियम/वास्तुकला अभिगम मंडल (Americans with Disabilities Act/Architectural Access Board, ADA/AAB) के अनुरूप फ़ुटपाथ उपलब्ध करवा कर पैदल चलने वालों की गतिशीलता में सुधार।
- चौराहे पर क्रॉसवॉक्स उपलब्ध करवा कर पैदल यात्रियों की सुरक्षा में सुधार, जहाँ आज कोई भी क्रॉसवॉक मौजूद नहीं है।
- प्रस्तावित ट्रैफ़िक सिग्नल के लिए एक विशेष पैदल यात्री फेज़ उपलब्ध करवा कर पैदल यात्रियों की सुरक्षा में सुधार।
- यातायात संचालन में सुधार करके वाहनों की कतार छोटी करना।
- चौराहे के भीतर बढ़ी हुई सुरक्षा।

8. वर्णन करें कि परियोजना को लेकर चर्चा करने के लिए समुदाय कोई बैठक बुलाने का अनुरोध कैसे कर सकता है तथा समुदाय बैठक के अंदर मौखिक भाषा में व्याख्या करने वाली सेवाओं का अनुरोध कैसे कर सकता है। उल्लेख करें कि अन्य समायोजनों का अनुरोध कैसे किया जाए, जिसमें कामकाजी घंटों के बाद और सार्वजनिक परिवहन के पास स्थित जगहों पर बैठकें बुलाना शामिल है।

समुदाय के सदस्य Tracie Lenhardt (TLenhardt@VHB.com या 617-607-2961) से संपर्क करके परियोजना की अतिरिक्त जानकारी, व्याख्या करने वाली सेवाओं या अन्य समायोजनों का अनुरोध कर सकते हैं।

## चित्र 1: परियोजना क्षेत्र (Project Area) से 5 मील के भीतर पर्यावरण संबंधी न्यायिक जन समुदाय (Environmental Justice Populations)

Central Street पर Edgell Road के चौराहे का सुधार | Framingham, MA




परियोजना क्षेत्र (Project Area) से 5 मील के भीतर

परियोजना क्षेत्र (Project Area) से 1 मील के भीतर

परियोजना क्षेत्र (Project Area)

> 5% जनगणना क्षेत्र द्वारा बोली जाने वाली भाषाएँ

कस्बे की सीमाएँ

**2020 पर्यावरण संबंधी न्यायिक ब्लॉक समूह मानदंड (2020 Environmental Justice Block Group Criteria)**

अल्पसंख्यक

अल्पसंख्यक और कम आय

अल्पसंख्यक और अंग्रेज़ी अलगाव

अंग्रेज़ी अलगाव

अल्पसंख्यक, कम आय और अंग्रेज़ी अलगाव

*स्रोत: ESRI, EEA GIS 2020 Environmental Justice, MassGIS*